**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर सामान्य वनमण्डल बालाघाट म.प्र.**

Telephone No. : (07632) 247044, 247487 Fax No. : (07632) 247487

E-mail : dfotnbghat@mp.gov.in, dfontbgt@yahoo.co.in

क्रमांक/मा.चि.–1/ 796 बालाघाट, दिनांक 01/06/2019

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
बालाघाट वृत्त, बालाघाट

विषय :– बालाघाट जिले के उत्तर (सामान्य) वनमण्डल के वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर क्षेत्रांतर्गत वनकक्ष क्रमांक 1491 में से रकबा 40.468 हेक्टेयर वनक्षेत्र पर बॉक्साईड खनिज उत्खनन हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत वनभूमि व्यपवर्तन का आनलाईन प्रस्ताव

संदर्भ :– आपका पत्र क्र./मा.चि./911 दिनांक 12.03.2019

——000——

निवेदन है कि संदर्भित पत्र में उल्लेखित कमियाँ/त्रुटियों की पूर्ति निम्नानुसार पूर्ण कर प्रस्ताव 4 प्रतियों में संलग्न सम्प्रेषित है :–

1. प्रस्ताव के पृष्ठ क्रमांक 192 पर संलग्न स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित निकासी मार्ग का रकबा 1.374 हेक्टेयर लिपकीय त्रुटिवश अंकित हो गया है। अतएव आवेदित निकासी मार्ग का पुनः दिनांक 29.05.2019 को निरीक्षण किया गया, जिसके अनुसार प्रस्तावित मार्ग की लंबाई 3605 मीटर x चौड़ाई 4 मीटर = 14420 वर्ग मीटर, रकबा 1.442 हेक्टेयर का संशोधित स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्ताव के साथ पृष्ठ क्रमांक 192 पर संलग्न कर दिया गया है।
2. आवेदक द्वारा आवेदित वनक्षेत्र का Breakup Statement प्रस्ताव में संलग्न Form-A के बिन्दु क्रमांक B-2.4 में दर्शित है।

संलग्न :– प्रस्ताव 4 प्रतियों में।

(एस.के.एस. तिवारी)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल (सा.) बालाघाट

पृष्ठां. क्रमांक/ मा.चि.–1/ 797 बालाघाट, दिनांक 01/06/2019

प्रतिलिपि :–

मैसर्स धरमसी मोरारजी केमिकल कम्पनी लिमि. मुम्बई (महॉराष्ट्र) वर्तमान पता सी–1 फार्चुन डीलाईट आदर्श नगर होशंगाबाद रोड़, भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर बालाघाट वनमण्डल, बालाघाट

Scanned by CamScanner

# वनमंडलाधिकारी का वनभूमि का संयुक्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन

----00----

वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 नियम 2003 के तहत, मेसर्स धरमसी मोरारजी केमिकल्स कम्पनी लिमिटेड मुम्बई द्वारा फण्डकी मोहगांव बॉक्साईड उत्खनिपट्टा हेतु उत्तर (सा.) वनमंडल बालाघाट के वनपरिक्षेत्र पश्चिम बैहर(सा.) क्षेत्रांतर्गत वनकक्ष क्र. 1491 रकबा 40.468 हे. वनभूमि व्यपवर्तन का ऑनलाईन पुनरीक्षित प्रस्ताव में आवेदित वनक्षेत्र का आवेदक विभाग के श्री अखिलेश मालवीय कार्यकारी अधिकारी मेसर्स धरमसी मोरारजी केमिकल्स कम्पनी लिमिटेड मुम्बई एवं मैं स्वयं उपवनमंडलाधिकारी बैहर (सा.), परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम बैहर (सा.) एवं स्टाप के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण दिनांक 29.05.2019 को किया गया । निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वनकक्ष कमांक 1491 का कुल रकबा 327.45 हे. में से 40.468 हे. वनभूमि व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित की गई है जिसमें पूर्व सीमांकित वनक्षेत्र में से Non Minable area 1.442 हे. जो स्थल पर मार्क है तथा निकासी मार्ग हेतु प्रस्तावित वनक्षेत्र लम्बाई 3605 मीटर, चौड़ाई 04 मीटर रकबा 1.442 हे. तथा बॉक्साईड उत्खनन एवं अन्य कार्य हेतु 39.026 हे. वनक्षेत्र कक्ष कमांक 1491 में सीमांकित किया गया है। उक्त प्रस्तावित कुल वनभूमि 40.468 हे. पर IVA, IVB प्रकार का मिश्रित वन है जिसका घनत्व 0.5 से 0.6 है, जो कि पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। उक्त क्षेत्र जैवविविधता वाला क्षेत्र है। यहॉ पर वन्यप्राणी का आवागमन होता है, वन्यप्राणी का रहवास क्षेत्र नहीं है। अतः उक्त वनक्षेत्र बॉक्साईट उत्खनन खनिपट्टा हेतु दी जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अखिलेश मालवीय)<br>वास्ते कार्यकारी अधि.<br>मे. धरमसी मोरारजी केमिकल्स | (सी.एल.झारिया)<br>परिक्षेत्र अधिकारी<br>पश्चिम बैहर(सा.) | (एस.के.यादव)<br>उप वनमंडलाधिकारी<br>बैहर (सा.) उपवनमंडल | (एस.के.एस. तिवारी)<br>वनमंडलाधिकारी<br>उत्तर (सा.)वनमंडल बालाघाट |

Scanned by CamScanner